रोहतक
रविवार, 21 दिसंबर, 2025
पौष मास शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा वर्ष : 29, अंक : 322
पृष्ठ 14 मूल्य 3.50

मौसम
अधि. 24.8
न्यून. 5.2

haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

## 47 दवाइयां हिमाचल में बनी

# 205 दवाओं के सैंपल जांच में फेल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) के ड्रग अलर्ट में देश में बनी 205 दवाओं के सैंपल फेल हो गए। इनमें 47 दवाएं हिमाचल में बनी हैं। ये दवाएं बुखार, शुगर, दिल, मिर्गी, संक्रमण और पेट से जुड़ी बीमारियों के इलाज में इस्तेमाल की जाती हैं। हिमाचल की ये दवाएं इंडस्ट्रियल क्षेत्र बद्दी, बरोटीवाला, नालागढ़, सोलन, कालाअंब, पांवटा साहिब और ऊना स्थित फार्मा इकाइयों में निर्मित की गई थीं। सीडीएससीओ द्वारा जारी नवंबर के ड्रग अलर्ट के अनुसार, गुणवत्ता जांच में फेल पाई गई इन दवाओं को 'नॉट ऑफ स्टैंडर्ड क्वालिटी' (एनएसक्यू) घोषित किया गया। हिमाचल में बनी दवाओं के 35 दवाओं के सैंपल राज्य की प्रयोगशालाओं और 12 सैंपल केंद्रीय प्रयोगशालाओं में फेल पाए गए। सिरमौर जिले के कालाअंब स्थित एक कंपनी के पांच सेंपल फेल हुए



### इन बीमारियों में प्रयोग

एनएसक्यू घोषित दवाओं में पैरासिटामोल, मेटफॉर्मिन, क्लोपिडोग्रेल, एस्पिरिन, रेमिप्रिल, सोडियम वैल्प्रोएट, मेबेवेरिन हाइड्रोक्लोराइड, टेलमीसार्टन, क्लेरिथ्रोमाइसिन, सेफिसाइन और जेंटामाइसिन इंजेक्शन जैसी दवाएं शामिल हैं। ये दवाएं टाइफाइड, फेफड़ों व मूत्र संक्रमण, खांसी, अस्थमा, एलर्जी और पाचन तंत्र से जुड़ी बीमारियों के इलाज में दी जाती हैं।

### सोलन, सिरमौर और ऊना की कंपनियां शामिल

हिमाचल में जिन जिलों की कंपनियों की दवाएं फेल हुई हैं, उनमें सोलन जिले की 28, सिरमौर की 18 और ऊना की एक कंपनी शामिल है। सभी संबंधित कंपनियों को नोटिस जारी कर दिए गए हैं।

## खबर संक्षेप

### हिजबुल प्रमुख सैयद सलाहुद्दीन के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी

**श्रीनगर।** कश्मीर की एक विशेष अदालत ने पाकिस्तान में बैठे हिजबुल प्रमुख सैयद सलाहुद्दीन (असल नाम मोहम्मद यूसुफ शाह) के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया है। वह 2012 के एक आतंकी मामले में गिरफ्तारी से बच रहा है। अदालत ने कहा कि जांच में उसे अपराध से जोड़ने वाले पर्याप्त सबूत मिले हैं। आरोपी जानबूझकर गिरफ्तारी से बच रहा है। पुलिस को उसे गिरफ्तार करने का आदेश दिया गया है। मंजूरी के बाद चार्जशीट दाखिल होगी। *एजेंसी*



#### अगस्ता वेस्टलैंड केस

### ईडी केस में क्रिश्चियन की रिहाई का आदेश

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने शनिवार को अगस्ता वेस्टलैंड वीवीआईपी चॉपर घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में क्रिश्चियन मिशेल को रिहा करने का आदेश दिया। यह मामला प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दर्ज किया था। कोर्ट ने कहा कि मिशेल इस केस में लंबे समय से हिरासत में है। हालांकि मिशेल अभी जेल से बाहर नहीं आएगा, क्योंकि वह इसी घोटाले से जुड़े एक अलग भ्रष्टाचार मामले में सीबीआई का आरोपी है। *एजेंसी*



## लाडवा में कार्यक्रम के दौरान सीएम बोले, हर जरूरतमंद को मिलेगा लाभ

# भूमिहीन 7,000 परिवारों को जल्द मिलेंगे 100-100 गज के प्लॉट

*इन प्लॉटधारकों को पीएम आवास योजना के साथ जोड़कर मकान निर्माण के लिए तय राशि दी जाएगी। सरकार ने मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत 15 हजार 500 परिवारों को 30 गज का प्लॉट देने का काम किया है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा (कुरुक्षेत्र)

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शनिवार को कहा कि प्रदेश के भूमिहीन जरूतमंद 7 हजार लोगों को सरकार द्वारा जल्द ही 100-100 गज के प्लाट आबंटित किए जाएंगे। इन प्लॉट धारकों को पीएम आवास योजना के साथ जोडकर मकान निर्माण के लिए तय राशि दी जाएगी। इसी तरह मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत करीब 15 हजार 500 परिवारों को 30 गज का प्लॉट देने का काम किया है और शीघ्र ही शहरी आवास योजना के तहत योग्य प्रार्थियों को दूसरी किस्त के रूप में 30-30 गज के प्लॉट आबंटित करेगी।

- सरकार जल्द ही युवाओं के लिए विभिन्न पदों के लिए सरकारी भर्तियां निकाल नौकरियां देगी
- 25 हजार युवाओं को बिना खर्ची पर्ची के एक साथ योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरी दी गई

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सरकार जल्द ही युवाओं के लिए विभिन्न पदों के लिए सरकारी भर्तियां निकाल कर नौकरियां देगी। मुख्यमंत्री शनिवार को लाडवा के गांव प्रलाहदपुर, बदरपुर व गांव बणी में धन्यवादी एवं जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम के बाद ग्रामीणों की लिखित में शिकायतें सुनीं और मौके पर ही समाधान करने के निर्देश दिए।

**1.80** लाख से कम आय वाले परिवारों को 500 रुपये में मिल रहा गैस सिलेंडर

**15** लाख महिलाएं इस योजना के तहत उठा रही लाभ



### 1.40 लाख तक की आय वाली महिला कर सकती हैं लाडो लक्ष्मी योजना में आवेदन

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश की महिलाओं को 2100 रुपये प्रति माह देने के लिए लाडो लक्ष्मी योजना आरंभ की गई है, जिसके तहत प्रदेश की 10 लाख महिलाओं को दो किस्तें दी जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि जिन परिवारों की आय 1.40 लाख रुपये तक है वह अब लाडो लक्ष्मी योजना में आवेदन कर सकते है। आवेदन के लिए अपने मोबाइल पर ऐप डाउनलोड कर सारी जानकारी भरते हुए ऑनलाइन आवेदन करने की आवश्यकता है। प्रदेश सरकार के पास रोजाना इस योजना में 3 से 4 हजार के बीच नए आवेदन प्राप्त हो रहे हैं।

**>> प्रदेश के सभी अस्पतालों, मेडिकल कॉलेज और हेल्थ यूनिवर्सिटी में फ्री में किया जा रहा किडनी के मरीजों का डायलिसिस**

### विकास कार्यों के लिए दिया पैसा

मुख्यमंत्री ने गांव प्रलाहदपुर, बदरपुर और गांव बणी में विकास कार्यों के लिए 21-21 लाख रुपये देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गांव प्रलाहदपुर में सरपंच सुमन सैनी द्वारा रखी गई सभी मांगों को विभागों से भेजकर पूरा करवाने का आश्वासन दिया और पीने के पानी की पाइप लाइन के लिए 47.46 लाख रुपये, हॉल निर्माण के लिए 11 लाख रुपये देने की घोषणा की है। इसी तरह बदरपुर गांव के सरपंच कर्मवीर द्वारा रखी गई सभी 16 मांगों को विभागों को भेजकर पूरा करवाने, पीने के पानी की पाइप लाइन के लिए 43.31 लाख रुपये देने की घोषणा की है। गांव बणी के सरपंच द्वारा रखी गई सभी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया।

### जो महिलाएं योजना से वंचित, वे आवेदन करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि तीसरी बार सरकार बनने के बाद सबसे पहले युवाओं को किए हुए वायदे को पूरा किया है। प्रदेश के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ जब 25 हजार युवाओं को बिना खर्ची पर्ची के एक साथ योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरी मिली हो। उन्होंने कहा कि किडनी के मरीजों का डायलिसिस प्रदेश के सभी अस्पतालों, मेडिकल कॉलेज और हेल्थ यूनिवर्सिटी में फ्री में किया जा रहा है। इसके साथ ही जिन परिवारों की आय 1.80 लाख रुपये से कम है, ऐसे परिवार की महिलाओं को 500 रुपये में गैस का सिलेंडर उपलब्ध करवाया जा रहा है। प्रदेश में 15 लाख महिलाएं इस योजना के तहत 500 रुपये में गैस सिलेंडर प्राप्त कर रही है। उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि जो महिलाएं योजना से वंचित हैं, वो आवेदन करें।

## कैथल में 5-6 युवकों ने की वारदात...

# 12वीं के छात्र पर चाकुओं से ताबड़तोड़ हमला, हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

गांव शेरगढ़ के सरकारी स्कूल के 12वीं कक्षा के छात्र पर 5-6 युवकों ने चाकुओं से हमला कर दिया। हमले में छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। उसको सिविल अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती किया गया। डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए चंडीगढ़ रेफर कर दिया। छात्र अंकित पर हमला उस समय हुआ जा वह छुट्टी के बाद स्कूल से निकला था। छात्र शहर के प्योदा रोड का रहने वाला है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीमें मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए गए। साथ ही आरोपियों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है। स्कूल के प्रिंसिपल ने डायल 112 को वारदात की सूचना दी। हमले का कारण आपसी रंजिश बताया जा रहा है। स्कूल प्रिंसिपल ने बताया कि हमलावर युवक स्कूल के नहीं थे। घटना के बाद परिजन सहमे हुए हैं। डायल 112 ईआरवी पर तैनात पुलिसकर्मी अनिल ने बताया कि सूचना पर मौके पर पहुंचे थे, तब तक घायल छात्र को अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया था। तितरम थाना पुलिस को भी सूचना दे दी गई थी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

### दो आरोपियों को किया काबू

डीएसपी सुशील प्रकाश ने बताया कि पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को काबू किया है। आरोपी युवकों ने प्रारंभिक पूछताछ दौरान कबुल किया है कि आरोपी युवको में से एक की बहन को अंकित तंग कर रहा था, इसकी रंजिशन उन्होने उस पर हमला किया है।






**खबर संक्षेप**



### समाजसेवा जीवन का लक्ष्य होना चाहिए

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री की पत्नी एवं हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने कहा कि समाज और राष्ट्र की निरंतर प्रगति के लिए प्रत्येक नागरिक को किसी न किसी रूप में सेवा कार्यों से जुड़ा रहना चाहिए। हम सभी का जीवन केवल अपने लिए नहीं, बल्कि समाज और देश के हित में समर्पित होना चाहिए। जब प्रत्येक व्यक्ति अपने कर्तव्यों को समझते हुए समाज कल्याण के लिए योगदान देगा, तभी राष्ट्र सशक्त, समृद्ध और विकसित बन सकेगा।उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने यह बात सैनी कर्मचारी वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा सिविल सचिवालय द्वारा चण्डीगढ़ में आयोजित महाराजा शूरसैनी जयंती समारोह में उपस्थित जनों को सम्बोधित करते हुए कही।

### मानव एकजुटता दिवस पर लगाया भंडारा



**पंचकूला।** अंतर्राष्ट्रीय मानव एकजुटता दिवस के अवसर पर पुरुषोत्तम दास रूंगटा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-1, पंचकूला में 194वां अन्न भंडारा आयोजित किया गया। इस सेवा कार्यक्रम का आयोजन ट्रस्ट के फाउंडर एवं समाजसेवी अमिताभ रूंगटा के नेतृत्व में किया गया।अंतर्राष्ट्रीय मानव एकजुटता दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अमिताभ रूंगटा ने कहा कि यह दिवस हमें आपसी सहयोग, करुणा और समानता की भावना को मजबूत करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि भंडारे जैसे सेवा कार्य समाज में सकारात्मक बदलाव लाते हैं ।

### वीर बाल दिवस पर गुरुओं को किया नमन

**चंडीगढ़।** गुरु गोबिंद सिंह के चार साहिबजादों के अद्वितीय बलिदान, संघर्ष और वीरता की गाथा को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रदेशभर में कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य पर शनिवार को पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, रेवाड़ी में सैंड आर्ट शो और जिला स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।एक सरकारी प्रवक्ता ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा के कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग और शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एनसीबी प्रोडक्शन के सैंड आर्टिस्ट मनीषा स्वर्णकार ने रेत कला को बड़ी स्क्रीन के माध्यम से गुरु गोविंद सिंह के चारों साहिबजादों अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह व फतेह सिंह के शौर्य, संघर्ष और बलिदान से जुड़े ऐतिहासिक प्रसंगों का प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण किया।

# पुलिस ने 900 से ज्यादा स्थानों पर छापेमारी कर 156 अपराधी किए गिरफ्तार

## ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन : पुलिस ने 3 किलो चांदी व 10 लाख से अधिक नकदी बरामद की

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

अपराध और अपराधियों के विरुद्ध चल रहे राज्यव्यापी अभियान 'ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन' के तहत 19 दिसंबर को हरियाणा पुलिस ने एक बार फिर निर्णायक बढ़त दर्ज की। प्रदेशभर में एक साथ 902 चिन्हित आपराधिक ठिकानों (हॉटस्पॉट्स) पर सघन छापेमारी की गई। दिनभर चली कार्रवाई में 156 आरोपियों की गिरफ्तारी, 60 नई एफआईआर का पंजीकरण, 44 फरार/हिंसक अपराधियों की धरपकड़ और आर्म्स एक्ट के मामलों में 8 आरोपियों को सलाखों के पीछे भेजा गया। इस चरण की सबसे बड़ी उपलब्धि दादरी और नूंह जिलों से सामने आई। दादरी में पुलिस ने अपराधियों के कब्जे से 3 किलोग्राम चांदी, 22 ग्राम सोना, लगभग 8 लाख के आभूषण, एक कार और मोबाइल फोन जब्त किए। वहीं नूंह में 1.50 लाख नकद और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई। राज्यभर में विभिन्न मामलों में कुल 10,12,400 की नकदी जब्त की गई, जबकि जुआ विरोधी कार्रवाई में 90,000 से अधिक की राशि सीज़ की गई।

### *भगोड़ों की धरपकड़ में गुरुग्राम अव्वल*

*लंबे समय से फरार चल रहे 44 खूंखार अपराधियों को दबोचने में पुलिस को उल्लेखनीय सफलता मिली। गुरुग्राम ने अकेले 17 भगोड़ों को गिरफ्तार कर सबसे बेहतर प्रदर्शन किया। जिले में 55 हॉटस्पॉट्स की तलाशी के दौरान 7 मोटरसाइकिलें और 1 स्कूटी जब्त की गईं। फरीदाबाद और सोनीपत ने 4-4 हिंसक अपराधियों को पकड़कर संभावित वारदातें नाकाम कीं। नशे के खिलाफ कार्रवाई में फरीदाबाद से 3.5 किलो से अधिक गांजा बरामद हुआ। अंबाला में 4 मोबाइल, चांदी की चेन, अंगूठी, पाजेब और एक मोटरसाइकिल जब्त हुई, जबकि सोनीपत में एक बस और एक मोटरसाइकिल सीज की गई। कुल मिलाकर राज्यभर में 11 मोटरसाइकिलें, 1 बस, 1 स्कूटी और 1 कार अपराध में प्रयुक्त होने के कारण जब्त की गईं। साथ ही अवैध शराब व नशीले पदार्थों के विरुद्ध कार्रवाई में 3.87 किलोग्राम गांजा, 163 ग्राम हेरोइन, 22 ग्राम चरस, 52 बोतल अंग्रेजी शराब, 399 बोतल देसी शराब और 50 लीटर लाहन बरामद की गई।*



### पानीपत में अवैध शराब नेक्सस पर करारा प्रहार, आरोपी गिरफ्तार

पानीपत में औद्योगिक सेक्टर-29 और इसराना थाना टीमों ने गुप्त सूचनाओं पर छापेमारी कर तीन आरोपियों को 32 बोतल अवैध शराब और नकदी सहित रंगे हाथ पकड़ा। एक्साइज एक्ट के तहत मुकदमे दर्ज कर कार्रवाई की गई। पंचकूला की एंटी-इमिग्रेशन फ्रॉड यूनिट ने यूएई नौकरी का झांसा देकर ठगी करने वाले मास्टरमाइंड गणेश नोटियाल को पंजाब से गिरफ्तार किया। आरोपी को तीन दिन के रिमांड पर लेकर नेटवर्क की अन्य कड़ियां खंगाली जा रही हैं।इसी क्रम में हाईवे पर लिफ्ट लेकर लूट-ब्लैकमेलिंग करने वाले गिरोह का भी पर्दाफाश हुआ, जिसने पंचकूला, मोहाली और अंबाला में 54 वारदातें की थीं। अशोक, सन्नी और महिला आरोपी संदीप कौर की गिरफ्तारी के साथ वारदात में प्रयुक्त कार बरामद की गई।

### साइबर ठगों पर निर्णायक वार, 30 गिरफ्तार




साइबर स्पेस में भी पुलिस की पकड़ सख्त रही। हेल्पलाइन 1930 पर दर्ज 330 शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए 1.62 करोड़ की ठगी में से 62.37 लाख की राशि समय रहते फ्रीज की गई। 30 साइबर अपराधी गिरफ्तार किए गए, 12.80 लाख पीड़ितों को वापस दिलाए गए, और भविष्य की ठगी रोकने के लिए 545 मोबाइल नंबर तथा 52 आईएमईआई स्थायी रूप से ब्लॉक किए गए।वहीं थाना शहर सफीदों पुलिस ने तकनीकी विश्लेषण और गुप्त सूचनाओं के आधार पर हत्या (धारा 302) के एक आरोपी को, जो अदालत से जमानत के बाद एक वर्ष से फरार था, गिरफ्तार कर जेल भेजा। यह गिरफ्तारी संदेश देती है कि अपराध कितना भी पुराना क्यों न हो, कानून से बचना असंभव है।

### खाकी का मानवीय चेहरा: 656 नागरिकों को त्वरित सहायता

कानून प्रवर्तन के साथ-साथ मानवीय सेवा में भी पुलिस ने मिसाल कायम की। कड़ाके की ठंड और आपात परिस्थितियों में 656 जरूरतमंद नागरिकों को मौके पर सहायता प्रदान की गई। गुरुग्राम में 190, सिरसा में 76 और पंचकूला में 70 से अधिक लोगों को राहत दी गई—यह दर्शाता है कि हरियाणा पुलिस सख्ती के साथ संवेदनशीलता भी निभा रही है।

## मुख्यमंत्री ने लाडवा में जनसंवाद किया, बोले- तहसीलों में भ्रष्टाचार किया खत्म

# रजिस्ट्री प्रणाली ऑनलाइन, अब तय समय में न करने पर अधिकारी को देना होगा जवाब

हरिभूमि न्यूज कुरुक्षेत्र

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश की तहसीलों में रजिस्ट्री प्रणाली को पूरी तरह से ऑनलाइन किया है, इससे भ्रष्टाचार की संभावना पर भी अंकुश लगा है। इतना ही नहीं, अब जमीन खरीदने वाला अपने घर पर बैठकर ही रजिस्ट्री का ऑनलाइन आवेदन कर सकता हैं। तहसीलदार तय समय सीमा में रजिस्ट्री करेंगे, यदि किसी कारण से समय सीमा में तहसीलदार द्वारा रजिस्ट्री नहीं की गई तो उन्हें सरकार को रजिस्ट्री न किए जाने का लिखित में कारण बताना होगा। जवाब में कारण सही नहीं बता पाए तो उसके खिलाफ कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी। रजिस्ट्री की जिम्मेवारी भी ऊपर वाले अधिकारी के पास चली जायेगी।

### ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं

मुख्यमंत्री शनिवार को कुरुक्षेत्र के लाडवा विधानसभा क्षेत्र के गांव बूढ़ा और गांव बपदी में धन्यवादी एवं जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम के बाद उन्होंने ग्रामीणों की शिकायतें सुनी और मौके पर ही समाधान करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने गांव बूढ़ा और गांव बपदी में विकास कार्यों के लिए 21-21 लाख रुपए देने की घोषणा की है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गांव बूढ़ा में सरपंच 17 मांगों को पूरा करने की घोषणा की। इसी तरह गांव बपदी के सरपंच द्वारा रखी गई सभी मांगों को विभागों को भेजकर पूरा करवाने और पीने के पानी की पाइप लाइन के लिए 32.27 लाख रुपए देने की घोषणा की है।




### सम्मान भत्ता बढ़ाया

मुख्यमंत्री ने कहा कि बुजुर्गों को सरकार द्वारा दिये जा रहे सम्मान भत्ता के तौर पर 200 रुपए बढ़ाकर 3200 रुपए प्रतिमाह दिए जा रहे हैं। इसके साथ ही 70 आयु वर्ष से ऊपर के बुजुर्गों को आयुष्मान योजना के तहत 5 लाख तक तक मुफ्त इलाज सालाना दिया जा रहा है।

### विकास कार्यों के लिए पैसों की कोई कमी नहीं : सीएम

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि लाडवा विधानसभा में विकास कार्यों के लिए पैसों की कोई कमी नहीं रहेगी। मुख्यमंत्री ने नागरिकों से आह्वान किया कि वे सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि लाडवा विधानसभा के लोगों को अपनी समस्या के निदान के लिए चंडीगढ़ जाने की जरूरत नहीं है। नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देश दे रखे है।



## जरूरतमंद कैदियों के मदद के लिए संशोधित एसओपी लागू

**चंडीगढ़।** गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने राज्य में गरीब कैदियों को सहायता योजना के लिए संशोधित गाइडलाइंस और स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर जारी किए हैं। इन विस्तृत गाइडलाइंस का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर कैदियों को वित्तीय सहायता देना है, जिनकी आज़ादी सिर्फ़ कोर्ट द्वारा लगाए गए जुर्माने का भुगतान न कर पाने या जमानत न मिल पाने की वजह से रुकी हुई है। डॉ. मिश्रा ने इस बात पर ज़ोर दिया कि संशोधित फ्रेमवर्क में हरियाणा में ज़रूरतमंद कैदियों को तेज़ी से और प्रभावी राहत देने के लिए सख्त टाइमलाइन और मज़बूत संस्थागत व्यवस्था शुरू की गई है। यह पहल न सिर्फ़ गरीब कैदियों की हालत को सुधारती है, बल्कि इसमें राज्य की जेलों में भीड़ कम करने की भी काफ़ी संभावना है। संशोधित गाइडलाइन के तहत, हरियाणा के हर जिले में जिला-स्तरीय अधिकार प्राप्त समितियां बनाई जाएंगी, जिनमें जिला कलेक्टर के कार्यालय, जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए), पुलिस विभाग, जेल प्रशासन और न्यायपालिका के प्रतिनिधि शामिल होंगे। डीएलएसए के सचिव इन समितियों के संयोजक और समन्वय प्रभारी होंगे, जो मामलों की समीक्षा और मंजूरी के लिए हर महीने के पहले और तीसरे सोमवार को नियमित रूप से बैठक करेंगे।

### कांग्रेस का जनाधार हो रहा खत्म : बड़ौली

**चंडीगढ़।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि हरियाणा विधानसभा सत्र में कांग्रेस द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव ने फिर से कांग्रेस की फूट को उजागर कर दिया। उन्होंने कहा कि खुद पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा और कांग्रेस के कई विधायकों ने अविश्वास प्रस्ताव पर हस्ताक्षर नहीं किए। अविश्वास प्रस्ताव कांग्रेस की हताशा का परिणाम है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव ने कांग्रेस की ही कमजोरी उजागर कर दी है। कांग्रेस के 37 में से 32 विधायकों ने ही इस पर हस्ताक्षर किए हैं। यही नहीं भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने भी इस प्रस्ताव पर हस्ताक्षर नहीं किए। इससे पता लगता है कि कांग्रेस गुटों में बंटी हुई है अब जनाधार वापस लाना कांग्रेस के लिए नामुमकिन है।



### त्रिपुरा सुंदरी एक्सप्रेस के भट्टू स्टेशन पर ठहराव के लिए सांसद सैलजा ने रेलमंत्री को लिखा पत्र

**चंडीगढ़।** सांसद सैलजा ने जनहित और यात्रियों की सुविधाओं को देखते हुए त्रिपुरा सुंदरी एक्सप्रेस का भट्टू स्टेशन पर ठहराव करने, जोधपुर-हिसार एक्सप्रेस का सिरसा तक विस्तार करने और फिरोजपुर से नांदेड (सचखंड श्री हजूर साहिब) तक अमृत भारत एक्सप्रेस का संचालन करने की मांग करते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णवी को पत्र लिखा है। सांसदने पत्र में लिखा है कि उनके संसदीय क्षेत्र से होकर गुजरने वाली त्रिपुरा सुंदरी एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 14619/14620) का भट्टू कलां स्टेशन (जिला फतेहाबाद हरियाणा) में ठहराव सुनिश्चित किया जाए, इस संदर्भ में क्षेत्र के लोगों ने उन्हें ज्ञापन सौंपकर ट्रेन के ठहराव की मांग की है। इसके ठहराव से क्षेत्र के लोगों को सोमवार को दिल्ली जाने और शनिवार को दिल्ली से लौटने वाले यात्रियों को लाभकारी सिद्ध होगा। साथ ही उन्होंने पत्र में लिखा है कि जैन श्वेतांबर तेरापंथी के 11 वें गुरु आचार्य श्री महाश्रमण के प्रवास के दौरान ट्रेन संख्या 14891-14892 जोधपुर-हिसार एक्सप्रेस का सिरसा तक विस्तार किया जाए।



जन सेवा की भावना की बदौलत तीसरी बार बनी भाजपा सरकार

## कांग्रेस करती थी वोटों की चोरी, भाजपा ने सिस्टम को सुधारा : सतीश पूनिया

**पंचकूला।** भाजपा प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया ने शनिवार को पंचकूला स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय पंचकमल में आयोजित जिला कार्यकारिणी की बैठक में बोलते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं का पार्टी को बुलंदियों तक पहुंचाने में बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि दुनिया में भाजपा एक मात्र ऐसा राजनीतिक दल है जो सामाजिक कार्यों में बढ़चढ़ योगदान देने के लिए जाना जाता है। कार्यकारिणी में डा. पूनिया ने कार्यकर्ताओं की जमकर प्रशंसा भी की और कांग्रेस को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस राज में गरीब, मजदूरों के वोटो की चोरी और बूथों पर अपराधियों की दबंगई होती थी, जिसे भाजपा ने खत्म किया। कार्यकारिणी में जिला अध्यक्ष अजय मित्तल ने कार्यकारिणी में पहुंचे सभी नेताओं का स्वागत और अभिनंदन किया।

### प्रदेश में डबल इंजन की सरकार

उन्होंने पार्टी द्वारा किए गए प्रमुख कार्यों, अभियानों की रिपोर्ट कार्यकारिणी में प्रस्तुत की। डा. सतीश पूनिया ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं को संकल्पित होकर जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी और राज्य की नायब सैनी सरकार में हर वर्ग लाभान्वित हो रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सामाजिक सरोकारों के लिए कार्य करती हैं और अन्य पार्टियां सिर्फ अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षा की पूर्ति के लिए सत्ता को लाभ का माध्यम मानती है। डा. पुनिया ने कहा कि जन सेवा की भावना, बेहतर चुनावी प्रबंधन और अच्छी रणनीति की बदौलत हमें हरियाणा में तीसरी बार जीत मिली है। उन्होंने कहा, भाजपा कार्यकर्ताओं का परिश्रम, राष्ट्र प्रेम का जज्बा पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है। डा. पुनिया ने कहा कि हरियाणा विजय के बाद अन्य प्रदेशो में भी हमने जीत हासिल की जो हमारी रचनात्मक राजनीति और दृढ़ संकल्प का प्रतिफल है।

### *भाजपा व कांग्रेस ने विस सत्र की कार्यवाही को मजाक बनाया : दुष्यंत*

*चंडीगढ़। हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र पर प्रतिक्रिया देते पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने बीजेपी और कांग्रेस को आड़े हाथों लिया है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि विपक्ष और सत्ता पक्ष मिलकर सदन की कार्यवाही का मजाक बना रहे है और जनहित से जुड़े मुद्दे गायब है। शनिवार को दुष्यंत चौटाला जींद, भिवानी और झज्जर में धन्यवादी दौरे के दौरान पत्रकारों से रूबरू थे। इस दौरान दुष्यंत चौटाला और जेजेपी प्रदेश अध्यक्ष बृज शर्मा ने जुलाना रैली की सफलता के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। पत्रकारों के सवालों के जवाब में पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि विधानसभा में बीजेपी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाकर कांग्रेस को मुंह की खानी पड़ी है और ये दर्शाता है कि सरकार के साथ मिलकर विपक्ष काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि आज न तो सत्ता पक्ष को और न ही विपक्ष को जनता से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों की कोई चिंता है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि विपक्ष और सत्ता पक्ष का गठजोड़ सदन की कार्यवाही का मजाक बना रहा है। उन्होंने कहा कि आज जरूरत है कि प्रदेश की कानून व्यवस्था को कायम करने पर जोर देना चाहिए, लेकिन इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। दुष्यंत ने कहा कि बदहाल कानून व्यवस्था पर सरकार को काम करना चाहिए। साथ ही दुष्यंत चौटाला ने कहा कि आज बीजेपी सरकार की नाकामियों की वजह से प्रदेश का प्रत्येक जन दुखी है। पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने जेजेपी कार्यकर्ताओं को रैली के लिए आभार भी जताया।*

### 400 स्कूलों को पास के विद्यालयों में समायोजित किया


**चंडीगढ़।** हरियाणा की नायब सैनी सरकार ने विद्यार्थियों की संख्या कम होने के कारण पिछले सात वर्षों में 400 सरकारी स्कूलों को पास के स्कूलों में मर्ज करने अर्थात पास के स्कूलों में समायोजित कर दिया गया है। हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान यह मामला भी उठाया गया। इनमें से 137 स्कूलों (करीब 34.25 प्रतिशत) को विद्यार्थियों की संख्या बढ़ने पर दोबारा खोल दिया है। विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन शुक्रवार को शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने इनेलो विधायक अर्जुन चौटाला के सवाल के जवाब में विस्तार से इस बारे में जानकारी सदन के सदस्यों के सामने रखी। अर्जुन चौटाला ने वर्ष 2019 से अब तक मर्ज किए गए स्कूलों और समायोजन के बाद दाखिलों में हुई वृद्धि का ब्योरा मांगा था। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने बताया कि मर्ज किए गए 400 स्कूलों में से 137 स्कूलों में विद्यार्थियों की संख्या मानकों के अनुरूप बढ़ने पर दोबारा संचालन शुरू किया गया। यह कुल मर्ज स्कूलों का करीब एक-तिहाई हिस्सा (34%) है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भविष्य में भी यदि किसी मर्ज स्कूल में निर्धारित मानकों के अनुसार छात्र संख्या पूरी होती है, तो उसे बिना देरी के पुनः खोला जाएगा।

# अविश्वास प्रस्ताव पर कांग्रेस पर भारी पड़ी भाजपा

■ वोटिंग से ठीक पहले कांग्रेसी शोरगुल करते हुए सदन के बाहर चले गए

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र में इस बार भी कांग्रेस का अविश्वास प्रस्ताव किसी काम नहीं आया और कांग्रेस के सदस्य सदन में वोटिंग से पहले ही बाजी हार बाहर निकल गए। इसके पहले भी दो बार कांग्रेस के दिग्गज नेता अविश्वास लाकर किरकिरी करा चुके हैं। एक बार पूर्व सीएम और वर्तमान में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के हाथों और दूसरी बार वर्तमान सीएम नायब सिंह सैनी के हाथों पराजय का मजा चख चुके हैं। शुक्रवार को विपक्ष कांग्रेस द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव को लेकर विस अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने दोपहर बाद का वक्त दिया था। देर शाम तक चली कार्यवाही के बाद दो घंटे का वक्त दिया गया। इसका प्रस्ताव पढ़ते हुए डा. रघुबीर कादियान मौके की नजाकत भांप चुके थे, इसलिए इसको सोमवार पर टालने की अपील करने लगे। विस अध्यक्ष ने साफ कर दिया कि



इसके लिए वक्त तय हो चुका है, इसे बदला नहीं जाएगा। इसी तरह से वोटिंग की नौबत आने के ठीक पहले कांग्रेसी शोरगुल करते हुए सदन के बाहर चले गए।

यह दूसरा मौका है, जब कांग्रेस की ओर से नायब सैनी सरकार के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लेकर आया गया है। नेता विपक्ष और पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने साफ कर दिया कि वे पहले ही पत्रकार वार्ता के दौरान सरकार के विरुद्ध अविश्वास लेकर आने की घोषणा कर चुके हैं। लंबी चर्चा व विपक्ष की ओर से लगातार हमलों को लेकर जवाब दे रहे सीएम नायब सिंह सैनी ने जब वार शुरु किए तो सदन की कार्यवाही के अंतिम चरण में सीएम ने कई बार तंज कसते हुए अपने अंदाज में कहा अध्यक्ष महोदय कुंडी लगवा दो, सदन से जाने वाले हैं।

वे भी हंसकर टालते रहे और अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग से पहले ही कांग्रेस ने वॉकआउट कर दिया। सीएम नायब सैनी को बहुमत साबित करने की जरूरत भी नहीं पड़ी. विपक्ष पर पलटवार करते हुए सीएम ने कहा कि प्रस्ताव में न तो गंभीरता है और न ही तथ्यों की ठोस नींव।'यह प्रस्ताव जल्दबाजी में केवल प्रस्ताव रखने की औपचारिकता के लिए लिखा गया प्रतीत होता है.' उन्होंने विपक्ष से आग्रह किया कि उनके वक्तव्य को ध्यानपूर्वक सुना जाए, क्योंकि चर्चा के बाद सदन में मतदान होना है।

### 2024 के अविश्वास प्रस्ताव की यादें हो गईं ताजा

मुख्यमंत्री नायब सैनी भी सदन में शुक्रवार रात देर तक बोले और सभी हमलावर कांग्रेसी सदस्यों की बातों का जवाब दिया साथ ही याद दिलाया कि 22 फरवरी 2024 को भी बजट सत्र के दौरान विपक्ष ने अविश्वास प्रस्ताव पेश किया था। मतदान से ठीक पहले वॉकआउट कर दिया था। सीएम ने कहा, 'आरोप तभी सार्थक होते हैं जब वे सत्य, साक्ष्य और प्रदेश की वास्तविकता पर आधारित हों, न कि राजनीतिक कुंठा से प्रेरित.' सीएम सैनी ने कहा कि उनकी सरकार का विजन संकीर्ण नहीं, बल्कि अर्जुन के निशाने की तरह है। 'हमारा लक्ष्य प्रधानमंत्री मोदी के 'विकसित भारत 2047' के संकल्प को हर स्तर पर साकार करना है। विधानसभा में कांग्रेस अविश्वास लाने वाला यह हथियार पहले भी इस्तेमाल कर चुकी है। नायब सिंह सैनी के विरुद्ध दूसरी बार और मनोहर लाल खट्टर के वक्त में भी इसी तरह का अविश्वास लाया गया था। उस वक्त भी प्रस्ताव गिर गया था। सदन में वोटिंग के दौरान 55 विधायक भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार के पक्ष में तत्कालीन सरकार में रहे थे।

## राजस्व मंत्री गोयल ने पंचकूला में लोगों की शिकायतें सुनकर समाधान के निर्देश दिए

**पंचकूला ।** जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक शनिवार को पंचकूला में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने की। बैठक में आमजन से जुड़ी शिकायतों और समस्याओं पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी निवारण के स्पष्ट निर्देश दिए गए।

बैठक में सांसद कार्तिकेय शर्मा एवं कालका से भाजपा विधायक शक्ति रानी शर्मा भी मौजूद रहीं। बैठक के पश्चात मीडिया से बातचीत करते हुए सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि यह बैठक पूरी तरह जनसमस्याओं के समाधान को केंद्र में रखकर आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि जनता द्वारा रखी गई सभी




शिकायतों पर गंभीरता से विचार हुआ है और कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल जी की ओर से संबंधित विभागों को समयबद्ध एवं ठोस कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि प्रशासन जनता के प्रति जवाबदेह बने और समस्याओं का समाधान धरातल पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे। इस अवसर पर सांसद कार्तिकेय शर्मा ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के पंचकुला दौरे को लेकर कहा कि जब देश का शीर्ष नेतृत्व किसी जिले में आता है, तो वह केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं होता। ऐसे दौरों से प्रेरणा भी मिलती है और यह उस जिले के लोगों के लिए सौभाग्य का विषय भी होता है। शीर्ष नेतृत्व की उपस्थिति से विकास के संकल्प को मजबूती मिलती है और जनमानस में विश्वास का संचार होता है।

## खबर संक्षेप



फतेहाबाद। हेरोइन सहित गिरफ्तार दो युवक। फोटो : हरिभूमि

### करोड़ों की हेरोइन सहित दो तस्कर गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** नशा तस्करों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए टोहाना पुलिस ने करोड़ों रुपये मूल्य की हेरोइन सहित दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवकों की पहचान अजय पुत्र जगपाल निवासी नहला और गुरजीत पुत्र बलराज निवासी भुना के रूप में हुई है। दोनों को रविवार को न्यायालय में पेश किया जाएगा। चंडीगढ़ रोड पर रूटीन गश्त के दौरान अनाज मंडी के पास सरकारी स्कूल की दीवार के पास दो संदिग्ध युवकों को रोका गया। तलाशी में 262 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। यह हेरोइन कमर्शियल मात्रा में थी और इसकी कीमत करोड़ों रुपये आंकी जा रही है।

### मुम्बई एक्सप्रेस-वे पर हादसे में भाई-बहन की मौत

**फरीदाबाद।** दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर कैली गांव के पास शुक्रवार देर शाम एक सड़क हादसे में तेज रफ्तार डंपर ने बाइक को टक्कर मार दी, जिसमें बाइक सवार भाई और बहन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि महिला का बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल बच्चे को बेहतर इलाज के लिए दिल्ली के हायर सेंटर रेफर किया गया है।

**PUBLIC NOTICE**

Process Paid Adv. Sachin V. Zende. Dhule, Maharashtra.

Before The Motor Accidents Claims Tribunal, of (D.J.-2) Dhule

Claim For Rs. 20,00,000/-

Exh.20/D Claim Petition No. 473/2023

1.Aejaz Shaikh Musa Bagwan, Etc -Petitioner

V/S

2.M/s. Muskan Logistics. C/o. Narender Sing. -Opponents
Age: Adult, Occu: Owner.
R/o.: 577, Near Union Bank, Br. Bhivani, Rohlla. Bhiwani Rohlla Village. Tal: Balsamand,Dist: Hisar. (Haryana) 125001.

Whereas applicants have chalmed compensation U/S. 160, 140. of the Motor Vehicle Act, 1988 in respect of an accident of the nature specified in Section 166 of the Motor vehicle Act against you No.2. You deliberately time to time avide services of notice.

Therefore, you are informed by this legal public notice that, you no.2. youself of through your advocate without fail shall remain present before Accident Claim Tribunal, Dhule, Dist: Dhule. (D.J.2) (Maharashtra) on 23/01/2026 at about 10.30 a.m. if you failed to appear on this date. Tribunal will proceed ex-parte on the presumption that you have no contention to make against award of compensation. Given under my hand & seal of the Tribunal this 28/10/2025.

Jr. Clerk Dist.Court Dhule (Stamp) By Order. Office Superitendent, Dist. Court, Dhule.

## राशिफल

**मेष** — मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृष** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं।

**कर्क** — आशा–निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह** — आत्मसंयत रहें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

**कन्या** — मन में उतार–चढ़ाव रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकता है। भागदौड़ बढ़ सकती है। खर्च बढ़ेंगे।

**तुला** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु शान्ति बताये रखने के लिए प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

**वृश्चिक** — मन अशान्त रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**धनु** — आशा–निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। घर–परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें।

**मकर** — मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। रहन–सहन अव्यवस्थित हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि हो सकते हैं। तनाव रहेगा।

**कुंभ** — मन शान्त तो रहेगा, परन्तु फिर भी संयत भी रहें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन की अधिकता रहेगी।

**मीन** — मन अशान्त हो सकता है। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

## एनकाउंटर : कोर्ट में फायरिंग कर युवक को मारने के आरोपी पर कार्रवाई

# भिवानी में मुठभेड़, इनामी बदमाश को दो गोलियां मारकर पकड़ा

### क्रॉस फायरिंग में एसटीएफ के एसआई को भी छाती पर गोली लगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

एसटीएफ रोहतक व भिवानी की सीआईए स्टाफ प्रथम की टीम ने संयुक्त अभियान चलाकर सचिवालय परिसर में गोली मारकर रोहतक निवासी लवजीत की हत्या के आरोपी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग की। क्रॉस फायरिंग में एसटीएफ के एसआई को भी छाती पर गोली लगी है। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई में आरोपी के दोनों पैरों में गोली मार दी। बाद में पुलिस ने आरोपी को घायल अवस्था में अस्पताल में दाखिल करवाया गया, लेकिन बाद में आरोपी को रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया है। आरोपी पर 20 हजार रुपये इनाम भी था। जानकारी के अनुसार 20 दिसम्बर को सुबह करीब 03:00 बजे एसटीएफ रोहतक के एएसआई सिकंदर अपनी टीम के साथ बामला टोल टैक्स के नजदीक भिवानी-रोहतक रोड पर मौजूद थे। इसी दौरान विश्वसनीय सूत्रों से सूचना मिली कि न्यायालय परिसर फायरिंग व लवजीत हत्या मामले में वांछित ईनामी अपराधी अजय अपने एक साथी के साथ लोहारू रोड की ओर हथियारों सहित खड़ा है और किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है।



### घायल बदमाश को पीजीआई में भर्ती करवाया

सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर आरोपियों को काबू करने का प्रयास किया गया, जिस पर आरोपियों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी और खेतों की ओर भागने लगे। पुलिस द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में ईनामी अपराधी अजय उर्फ भोला के दोनों पैरों में एक-एक गोली लगी। घायल आरोपी को उपचार के लिए पहले सामान्य अस्पताल भिवानी तथा बाद में पीजीआई रोहतक रेफर किया गया। वहीं दूसरे आरोपी संदीप को मौके से काबू कर लिया गया।

### तीन माह से पुलिस लगी थी पीछे



भिवानी। मामले की जानकारी देते पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार। फोटो : हरिभूमि

पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार ने बताया कि एसटीएफ रोहतक व सीआईए स्टाफ प्रथम भिवानी की संयुक्त टीम ने न्यायालय परिसर फायरिंग व लवजीत हत्याकांड में फरार चल रहे 20,000 रुपये के ईनामी अपराधी को मुठभेड़ के बाद काबू करने में बड़ी सफलता हासिल की है। एसटीएफ व सीआईए प्रथम पिछले तीन माह से आरोपी के पीछे लगी हुई थी। वे आरोपी लोकेशन के आधार पर दबिश भी दे रही थी,लेकिन आज सुबह सूचना के आधार पर लवजीत हत्याकांड का मुख्य शुटर अजय उर्फ भोला को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर पहले भी कई मामले दर्ज है। इसी मामले का दूसरा शूटर अभी पुलिस की पकड़ से बाहर है।

### क्या है मामला

उल्लेखनीय है कि चार सितम्बर को बिजेन्द्र व काला न्यायालय परिसर भिवानी में तारीख पेशी पर आए थे। इसी दौरान लवजीत, बिजेन्द्र व काला वकीलों के चैंबर के पास चाय की दुकान पर चाय पी रहे थे, तभी अज्ञात हमलावरों ने जान से मारने की नीयत से उन पर गोलियां चला दीं। फायरिंग में लवजीत पुत्र रमेश निवासी मोखरा, जिला रोहतक को तीन गोलियां लगीं—एक दाहिने कंधे, एक बाएं हाथ तथा एक बाईं साइड छाती पर। घायल लवजीत को पहले सामान्य अस्पताल भिवानी और बाद में पीजीआई रोहतक रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। इस संबंध में घायल के बयान पर भारतीय न्याय संहिता व 25 आर्म्स एक्ट के तहत थाना सिविल लाइन भिवानी में मामला दर्ज किया गया। अभियोग का अनुसंधान एसटीएफ रोहतक द्वारा किया जा रहा है, जिसमें अब तक कुल 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

## छात्र से मारपीट में नाक पर मारी ईंट, नाखून उखाड़े, केस दर्ज

**नारनौल।** गुवानी में एक छात्र के साथ गांव के कुछ युवकों द्वारा मारपीट में नाक पर ईंट मारने एवं बेरहमी से नाखून उखाड़ कर प्रताड़ित करने का मामला सामने आया है। छात्र अस्पताल में उपचाराधीन है, जबकि शिकायत के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव गुवानी निवासी जितेंद्र ने बताया कि वह पॉलिटेक्निक में पढ़ाई करता है। सुबह करीब 5:30 बजे की है, जब वह पंचायती ग्राउंड में दौड़ लगाने जा रहा था, तब उसके साथ गांव के ही कुछ युवकों ने उसके साथ मारपीट की। पीड़ित के अनुसार ग्राउंड के पास पहुंचने पर गांव के ही दो युवक ने उसे अपने पास बुलाया। जब वह उनके पास नहीं गया तो दोनों ने रास्ता रोक लिया और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि एक आरोपित ने पीछे से उसके सिर पर लोहे की रॉड से वार किया, जबकि दूसरे आरोपित ने उसके हाथ-पांव पकड़ लिए। इसके बाद ईंट के टुकड़े से नाक पर वार कर गया, जिससे खून बहने लगा। आरोपितों द्वारा किसी नुकीले औजार से दाएं हाथ की छोटी उंगली का नाखून भी उखाड़ दिया गया है। घटना के बाद आरोपित जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

■ छात्र को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया

## होटल-रेस्टोरेंटों पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, कई संदिग्ध डिटेन



**गुहला-चीका।** गुहला व चीका पुलिस ने शहर में अनैतिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए होटल व रेस्टोरेंटों पर संयुक्त रूप से बड़ी कार्रवाई की। डीएसपी कुलदीप बेनीवाल के नेतृत्व में दो थानों के एसएचओ सहित कई विशेष टीमों का गठन किया गया। गठित टीमों ने होटल-रेस्टोरेंटों पर एक साथ छापेमारी कर सघन जांच की। कार्रवाई के दौरान कई महिलाओं और पुरुषों को संदेह की स्थिति में डिटेन कर पूछताछ की गई। पुलिस ने स्पष्ट किया कि शहर में अनैतिक कार्यों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे तत्वों पर सख्ती से शिकंजा कसा जाएगा। डीजीपी के निर्देशों के तहत हॉटस्पॉट डोमिनेशन अभियान के अंतर्गत लगातार छापेमारी की जा रही है।

## नारनौल में ट्रक ने गाड़ी को मारी टक्कर, कार सवार सहित 8 घायल

**नारनौल।** नेशनल हाईवे 152–डी पर एक ट्रक ड्राइवर ने कार का टक्कर मार दी, जिससे कार पलट कर डिवाइडर से जा टकराई। इस हादसे में एक ही परिवार के सात सदस्यों समेत आठ को चोटें आई हैं, जिन्हें उपचार के लिए नागरिक अस्पताल ले जाया गया। जानकारी के अनुसार नजदीकी गांव लहरोदा निवासी अमित कुमार ने बताया कि वह फौज में नौकरी करता है। गत 19 दिसंबर को वह अपने परिवार के सदस्यों के साथ कार में सवार होकर बहुझौलरी की बणी स्थित मंदिर में बंदरों के लिए केले डालने और दर्शन करने गया था। उसके साथ उसकी पत्नी निशु, पांच माह की बच्ची रिया यादव, माता-पिता, चाची राजेश, तीन साल की भतीजी हिंआंशी और पड़ोस की चाची पूनम भी थी। दर्शन करने के बाद सभी लोग डिजायर कार में सवार होकर 152-डी रोड से होते हुए गांव लहरोदा लौट रहे थे। दोपहर बाद जब वे जाट गुवाना टोल से थोड़ा आगे पहुंचे, तभी पीछे और साइड से एक ट्रक चालक ने तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी कार को साइड से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार पलटते हुए बीच के डिवाइडर से जा टकराई। इस हादसे में कार में बैठे परिवार के सभी लोग घायल हो गए। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया।

■ नेशनल हाईवे 152–डी पर बड़ा हादसा

## अवैध मेडिकल प्रैक्टिस किए जाने पर कार्रवाई

# फरार झोलाछाप डॉक्टर गिरफ्तार, दवाइयां बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

गांव बहबलपुर में बिना लाइसेंस मेडिकल प्रैक्टिस करने व अवैध दवाइयाँ रखने के मामले में सदर फतेहाबाद पुलिस ने फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान जगशेर सिंह पुत्र जीत सिंह निवासी बहबलपुर के रूप में हुई है। थाना सदर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि सिविल सर्जन फतेहाबाद को अवैध रूप से मेडिकल प्रैक्टिस किए जाने की सूचना दी गई थी। इस पर डॉ. अरुण लाम्बा, मेडिकल ऑफिसर पीएचसी हिजरांवा कलां व ड्रग कंट्रोल ऑफिसर दिनेश कुमार की टीम ने पुलिस के साथ गांव बहबलपुर में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान जगशेर सिंह पुत्र जीत सिंह निवासी गांव बहबलपुर के घर में बने एक कमरे से भारी मात्रा में अंग्रेजी दवाइयां व मेडिकल उपकरण बरामद किए गए। पूछताछ के दौरान आरोपी दवाइयों से संबंधित कोई वैध ड्रग लाइसेंस, खरीद-बिक्री रिकॉर्ड या मेडिकल प्रैक्टिस का पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं कर सका और मौके से फरार हो गया था।

## केस दर्ज कर, पुलिस मामले की कर रही जांच

# खेत में बने पानी के खाल में भ्रूण मिलने से सनसनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

गांव चनकोठी में एक खेत में बने पानी के खाल में एक भ्रूण मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गया। यह भ्रूण नहरी पानी के साथ बहकर किसान के खेत तक जा पहुंचा था। इस बारे सूचना मिलते ही नागपुर पुलिस चौकी की टीम मौके पर पहुंच गई और शनिवार को इस बारे अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव चनकोठी निवासी गुरप्यार सिंह पुत्र जसपाल सिंह ने कहा कि वह खेतीबाड़ी का काम करता है। उसने गोपाल दास निवासी हड़ौली का खेत ठेके पर बिजाई के लिए लिया हुआ है। 18 दिसंबर को उसके खेत में पानी की बारी सुबह 6:30 बजे से 10:45 तक थी। रात को पानी लगाकर वह अपने घर चला गया था। सुबह करीब 9 बजे जब वह खेत में वापस आया तो उसने देखा कि उसके खेत में बने पानी के खाल में एक नवजात शिशु यानि एक भ्रूण पड़ा था।

### फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ 6 महिलाओं सहित 7 गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** साइबर थाना बल्लभगढ़ की टीम ने मोती नगर दिल्ली स्थित एक फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड करते हुये क्रेडिट कार्ड पर अनिवार्य सर्विस न लेने पर पैसे कटने का डर दिखाकर ठगी करने के एक मामले में 6 महिलाओं सहित 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना बल्लभगढ में दी अपनी शिकायत में बताया कि उसके पास एक अंजान नंबर से कॉल आयाए जिसने अपने आपको क्रेडिट कार्ड डिपार्टमेंट से बताया और कहा कि सरकार की तरफ से एक अनिवार्य क्रेडिट कार्ड सर्विस आई है।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**MAHARANA PRATAP MAHILA MAHAVIDYALYA**
(Affiliated to M.D. University, Rohtak)
Near HUDA Sector 23, Paluwas, Bhiwani - 127021 (Haryana) M 93158-28000
Website: www.mpmm.in , Email: mpmmvb@gmail.com

Applications are invited for the following post on the regular basis:

**Assistant Professor :-** (One for each subject) English 01, Hindi 01, Economics 01, Pol. Science 01, History 01, Psychology 01, Math 01, Geography 01, Physics 01, Chemistry 01, Zoology 01, Botany 01, EVS 01, Sanskrit 01 & Commerce 03, Librarian 01

**Non-Teaching Staff :-** Supdt. 01, Clerk 01, Office Assistant cum Accountant 01, Lab Attendant 04, Sweeper 02, Peon 02, Mali 01, Chowkidar 01

**Qualification :-** As per M.D. University, State Govt. & UGC Norms. Application forms available at website of the college.

Interested candidates may download the application form from the website **mpmm.in** or may obtain from the office of the institute and apply within 21 days from the date of publication of Advertisement along with copy all testimonials and experience certificate etc. A copy of application must be sent to the "The Dean Colleges Development Council" M.D.U. Rohtak. Eligible candidates from village Paluwas will be given preference in the selection of Non-Teaching staff.

M. 9466473859, 9315828000 Principal

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा **82Cr.P.C.** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **सोबराम सिंह/ सोवरन सिंह उर्फ कल्याण, पुत्रः** हाकिम सिंह, **पताः** मकान न. ई–332, गली न. 16, शिव इन्कलेव, इस्माईलपुर, थाना–पल्ला, फरीदाबाद, हरियाणा, **और भीः** सी–49, हर्ष विहार, मस्जिद वाली गली, हरी नगर–3, जैतपुर, नई दिल्ली, **स्थायी पताः** गांव फरियापुर, थाना–बाह, जिला आगरा, यू.पी, ने **FIR No.: 292/2012, दिनांक: 10.09.2012, U/s: 379/411/34 IPC, थानाः जैतपुर, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **सोबराम सिंह/ सोवरन सिंह उर्फ कल्याण,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **सोबराम सिंह/ सोवरन सिंह उर्फ कल्याण,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No.: 292/2012, दिनांक: 10.09.2012, U/s: 379/411/34 IPC, थानाः जैतपुर, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त, **सोबराम सिंह/ सोवरन सिंह उर्फ कल्याण,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.02.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री छवि बंसल, एलडी.
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–II
जिला दक्षिण–पूर्व, कमरा न.–09
साकेत कोर्ट, नई दिल्ली

DP/17022/SE/2025
(Court Matter)

# बीएस-6 वाहनों की जांच और टोल प्लाजा के कारण टीकरी बॉर्डर पर लग रहे जाम से बढ़ रहा प्रदूषण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन द्वारा टीकरी बॉर्डर पर केवल बीएस-6 मानक वाली गाड़ियों को ही दिल्ली में प्रवेश की अनुमति दी जा रही है। इसके तहत शनिवार को टीकरी बॉर्डर पर वाहनों की सघन जांच जारी रही। जांच और टोल प्लाजा पर वसूली के कारण बॉर्डर पर वाहनों की लंबी कतारें लग रही हैं और दिनभर जाम की स्थिति बनी रही। जिस कारण प्रदूषण में भी इजाफा हो रहा है। दिल्ली हरियाणा सीमा पर वाहनों की जांच के कारण लगातार वाहनों की लंबी कतार लग रही है। जांच के साथ-साथ टोल प्लाजा भी जाम का बड़ा कारण बन रहा है। टोल पर वाहनों की धीमी गति से आवाजाही के चलते राष्ट्रीय राजमार्ग पर गाड़ियां रेंगती नजर आईं। खासकर सुबह और शाम के समय ऑफिस जाने और लौटने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जाम में फंसे वाहन चालकों का कहना है कि उन्हें काफी देर तक इंतजार करना पड़ रहा है। वाहनों के लंबे समय तक जाम में खड़े रहने से प्रदूषण का स्तर भी घटने की बजाय बढ़ रहा है।




बहादुरगढ़। टीकरी बॉर्डर पर लगी वाहनों की कतार। फोटो : हरिभूमि

### आंखों में जलन और सांस लेने में दिक्कत

डीजल और पेट्रोल से चलने वाले वाहनों से निकलने वाले धुएं के कारण आसपास के इलाकों में हवा अधिक दूषित हो रही है। आंखों में जलन और सांस लेने में दिक्कत जैसी समस्याएं महसूस की जा रही हैं। बॉर्डर पर तैनात पुलिस अधिकारी का कहना है कि यह जांच वायु प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए जरूरी है, लेकिन जाम से निपटने के लिए ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर करने की आवश्यकता है। यदि टोल पर अस्थाई रोक लग जाए तो यह जाम नहीं लगेगा। वाहन चालकों ने जांच प्रक्रिया को सुचारु बनाने की मांग की। टोल प्लाजा पर अतिरिक्त स्टाफ व लेन की व्यवस्था की जाए, ताकि जाम से राहत मिल सके।

## शब्द पहेली - 6084



**बाएँसेदाएं**

1.द्वेष,झगड़ा,रार-3
4.बुरकापोश-5
8.गागर,घड़ा-3
9.प्याऊ (उर्दू-3)
10.पैंदा,तला-2
12.बरस,वर्ष-2
13.सतत,लगातार-5
16.मजार,समाधि-4
17.उदारता,बड़पन्न-4
18.वायदा,कसम-2
19.महीना,माह-2
20.हमसफर-4
23.आदेश,आज्ञा-4
25.कहानी लेखक-5
28.गधा,गर्दभ-2
29.श्रवणेंद्रिय-2
31.बारिश,वर्षा-3
33.देवर्षि-3
35.दया करना-3,2
36.चिंतन

**ऊपर से नीचे**

1.कुपुत्र-3
2.अधिकार-2
3.सलाह,राय-4
4.अफसोस,खेद-4
5.शीतकालीन फसल-2
6.दलहन-2
7.ठंडा,सर्द-3
11.जिज्ञासा,उत्साह-3
12.बारिश का मौसम-3
13.धारावाही,अविराम, सीरियल-5
14.रीत,परंपरा-2
15.जीवनसाथी, हमराही-5
21.मोर-3
22.जल,नीर-2
24.पीहर-3
26.गजशाला, हाथी घर-4
27.करतब, करामात-4
28.उपभोग,खर्च-3
30.नेत्र,चक्षु,आंख-3
31.सवारी गाड़ी-2
32.रहन,गिरवी वस्तु-2
34.ताकत,जोर,बल-2

**शब्द पहेली -6083 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | न | मो | ह | न | | र | वा | ना | हो | ना |
| न | | म | क | र | | त | ल | ना | | का |
| मो | ह | | | गि | | ज | | | क | म |
| ह | म | | आ | स | ल | गा | ना | | मा | या |
| क | ल | र | व | | क्ष्य | | म | त | ल | ब |
| | | | भ | ला | | जो | र | | | |
| ज | ग | म | ग | | मौ | | ख | चा | ख | च |
| मी | ल | | त | म | त | मा | ना | | र | म |
| न | त | | | हा | | ल | | | ल | क |
| दा | | म | चा | न | | खा | रि | श | | दा |
| र | म | णी | य | ता | | ना | ट | क | का | र |

